सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	ज्येष्ठ 03, शुक्रवार, *शाके* 1946-मई 24, 2024 *Jyaistha 03, Friday , Saka 1946- May 24, 2024*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

वन विभाग

विज्ञप्ति

जयपुर, अप्रेल 03, 2024

संख्या प. 2(15)वन/2024 :-चूंकि निम्नलिखित अनुसूची में दिखाई गई वन भूमि सरकार की सम्पति है अथवा उनमें सरकार के स्वामित्व है अथवा सरकार उनकी सम्पूर्ण वन उपज अथवा किसी अंश की स्वामित्वधारी (Entitled) है।

और चूंकि पूर्वोवत भूमि में अथवा उस पर सरकारी अथवा व्यक्तियों के अधिकारों की सीमा तथा स्वरूप अभी तक किसी भी प्रकार से लेखबद्व ही किये गये है।

और चूंकि सरकार यह भी विचार रखती है कि पूर्वोवत वन भूमि अथवा बंजर भूमि में अथवा उस पर सरकार या व्यक्तियों के अधिकारों की सीमा तथा स्वरूप में जांच किया जाना तथा उन्हें लेखबन्द किया जाना आवश्यक है। परन्तु चुंकि इन कार्यो के सम्पादन में जितना समय लगेगा उस बीच में सरकार के अधिकारो को क्षति पहुचने की आशंका है।

इसलिए अब राजस्थान फोरेस्ट एक्ट 1953 (1953 का एक्ट संख्या 13) की धारा 29 की उपधारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये सरकार इसके द्वारा फोरेस्ट सेटलमेंट ओफिसर को पूर्वोतर वनभूमि अथवा बंजर भूमि में या उन पर सरकारी तथा व्यक्तियों के अधिकारों की जांच करके उन्हें लेखबन्द करने हेतु नियुक्त करती हैं। तथ ऐसी जांच तथा अभिलेखन तथा साध्य उसी प्रणाली में किया जावेगा। जैसा कि उक्त एक्ट की धारा 6, 7, 8, 10, 11 (1), 12, 13, 14, 17, 18 तथा 19 में प्रवाहित है।

और एक्ट की धारा 29 की उपधारा (3) कि परन्तुक (Proviso) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अग्रेत्तर अनुसरण में राजस्थान सरकार उक्त जांच तथा अभिलेखों के सम्पादित होने तक उक्त वन भूमि और बंजर भूमि को इस विज्ञप्ति द्वारा रक्षित वन घोषित करती है। परन्तु इससे किसी व्यक्ति या वर्ग विशेष के वर्तमान अधिकारो में किसी भी प्रकार की कमी नही आवेगी। और न उस पर कोई प्रभाव पडेगा।

और सरकार उक्त एक्ट की धारा 30 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अग्रेतर अनुसरण में यह घोषणा करती है कि उक्त संरक्षित वन के ये वृक्ष संलग्न द्वितीय अनुसूची में अकिंत किये गये है। राज-पत्र

में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तारीख में आरक्षित है और पूर्वोतर तारीख से उक्त वन में पत्थरों को हटाया जाना अथवा चूना या कोयला जलाया जाना अथवा किसी प्रकार की वन उपज का संग्रहित किया जाना अथवा उसे किसी निर्माण अथवा पशुपालन अथवा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खण्डित किया जाना अथवा साफ किया जाना निषिद्व करती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

मोनाली सेन,
विशिष्ठ शासन सचिव, वन।

प्रथम अनुसूची (वन भूमि व बंजर भूमि)
द्वितीय अनुसूची (संरक्षित वृक्ष)

प्रथम अनुसूची

क्र.सं.	नाम ब्लॉक	नाम तहसील	नाम जिला	सीमा			नाम ग्राम	विवरण		
				दिशा	भूमि	खसरा नं.		खसरा नं0	क्षैत्रफल (बीघा बिस्वा में)	क्षैत्रफल (हे0 में)
1	वनखण्ड डोकरखेड़ा ए	डग	झालावाड	उत्तर	खाता सरकार	125/1	डोकरखेड़ा	127/1	40	10.1171
				दक्षिण	चारागाह	512				
				पूर्व	सीमा ग्राम बीलखेड़ी	-				
				पश्चिम	खाता सरकार	127				
			कुल वनखण्ड डोकरखेड़ा ए						40	10.1171
2	वनखण्ड डोकरखेड़ा **बी**	डग	झालावाड	उत्तर	चारागाह	512	डोकरखेड़ा	443/1	65	16.4403
				दक्षिण पूर्व	सीमा मध्य प्रदेश राज्य	-		514	35-10	8.9789
				पश्चिम	सीमा ग्राम बीलखेड़ी	-	डोकरखेड़ा	519/5	77-02	19.5007
				उत्तर	सीमा ग्राम सेदरा	-				
			कुल वनखण्ड डोकरखेड़ा बी						**177-12**	**44.9199**
			महायोग वनखण्ड- डोकरखेड़ा -ए बी						**217-12**	**55.037**

हस्ताक्षर

(नरेन्द्र चौधरी)
क्षेत्रीय वन अधिकारी
डग

हस्ताक्षर

(वी. चेतन कुमार I.F.S.)
उप वन संरक्षक
झालावाड़

द्वितीय अनुसूची रक्षित वनखण्ड डोकरखेड़ा ए बी
पेडो की सूची

क्र.स.	वानस्पतिक नाम	हिन्दी का नाम
1	Acacia nilotica	देशी बबूल
2	Prosopis juliflora	विलायती बबूल
3	Ziziphus muaritiana	झाडी बेर
4	Balanities aegyptiaca	हिगोंट
5	Acacia leucophloea	रोंझ
6	Dalbergia sissoo	शीशम
7	Holoptelia integrifolia	चुरेल

हस्ताक्षर

(नरेन्द्र चौधरी)
क्षेत्रीय वन अधिकारी
डग

हस्ताक्षर

(वी. चेतन कुमार I.F.S.)
उप वन संरक्षक
झालावाड़

कार्यालय उप वन संरक्षक झालावाड़

प्रमाण पत्र

जिला :- झालावाड़

तहसील :- डग

रेंज :- **डग**

रक्षित वनखण्ड :- डोकरखेड़ा ए बी

ग्राम :- डोकरखेड़ा

1. संलग्न प्रारूप में दर्शायी वन भूमि का वर्गीकरण राजस्व रिकार्ड में महकमा जंगलात कर दिया गया है। जिसे विज्ञप्ति में विस्तृत रूप से खसरा नम्बर विवरण सहित दर्शाया गया है।
2. वर्तमान राजस्व लेखों में महकमा जंगलात दर्ज है। मौके पर विभाग द्वारा वृक्षारोपण विकास कार्यो के कराये जाने की संभावना है। इस क्षेत्र में वर्तमान में अतिक्रमण अथवा खनन कार्य नहीं हो रहा है। इस क्षेत्र का राजस्व जमाबन्दी में महकमा जंगलात कर दिया है।
3. भूमि पर वृक्षों का घनत्व 0.0 से 0.2 है।
4. सीमावृती क्षेत्र की स्थिति खातेदारी नदी, नाले व वन भूमि है। तथा सीमा का उल्लेख एवं खसरा नं. व रकबा विज्ञप्ति में दर्ज कर दिया गया है।
5. वनखण्ड का मानचित्र नक्शा संलग्न हैं जिसमें खसरा नं. व रकबा दर्ज है।
6. प्रस्तावित वनों के प्रारूप यथा विधि पूर्व में नही भेजने के कारण रहे है। किन्तु अब उल्लेखित वन क्षेत्रों को कानूनी स्वरूप देने हेतु प्रचलित नियमों के अनुरूप शासकीय गजट में प्रकाशन होना नितान्त आवश्यक हैं। जिससे जिले की भूमि पर विभाग का साक्ष्य सिद्ध हो सके।
7. वनखण्ड मे से खसरा संख्या 513 राज्य सरकार के नाम दर्ज है, जो कि गै.मु. रास्ता है वनखण्ड में से गुजर रहा है। जिस पर वन विभाग का कोई अधिकार नही है।
8. उपरोक्त वन खण्ड परवन मध्यम सिंचाई परियोजना में आयी वन भूमि के बदले आयी राजस्व भूमि जिसका अमलदरामद वन विभाग के नाम हो चुका है।

हस्ताक्षर

(नरेन्द्र चौधरी)
क्षेत्रीय वन अधिकारी
डग

हस्ताक्षर

(वी. चेतन कुमार I.F.S.)
उप वन संरक्षक
झालावाड़

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।